# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–31.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट– स्पेडेक्स मिशन का किया सफल प्रक्षेपण, श्रीहरिकोटा से रॉकेट ने उपग्रहों को सही कक्षा में सफलतापूर्वक किया स्थापित।
2. नीति आयोग के प्रदर्शन सूचकांक में कोडरमा जिले के मरकच्चो और जयनगर प्रखंड को एक–एक करोड़ रुपये का पुरस्कार।
3. नए साल को देखते हुए लोगों में उत्साह,राज्य भर में पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए उठाए कई व्यापक कदम।
4. राज्य में पांच डिग्री तक गिरेगा तापमान, उत्तरी भाग में रहेगा घना कोहरा।
5. हॉकी इंडिया लीग में यूपी रुद्राज ने वेदान्ता कलिंग लांसर्स को 3–1 से हराया, आज देल्ही एसजी पाइपर्स का सामना हैदराबाद तूफान्स से।

***************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने कल रात स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट– स्पेडेक्स मिशन का सफल प्रक्षेपण किया। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसरो के पीएसएलवी–सी60 रॉकेट ने दो उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया।

***************

भारत सरकार के नीति आयोग के जरिये जारी डेल्टा रैंकिंग में कोडरमा जिले के मरकच्चो और जयनगर प्रखंड को शानदार प्रदर्शन करने पर एक–एक करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पुरस्कार राशि का उपयोग जन कल्याणकारी परियोजनाओं को गति देने और क्षेत्र में जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा।

***************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में नए साल के स्वागत को लेकर लोगों में उत्साह है। जगह जगह जश्न मनाने की तैयारी हो रही है। इसे लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए कई व्यापक कदम उठाए हैं। जमशेदपुर के सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि चेक नाका में ड्रंक ड्राइविंग और फास्ट ड्राइविंग पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

वहीं, उपराजधानी दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि सभी पिकनिक स्पॉट पर पुलिस की तैनाती रहेगी।

***************

सरायकेला खरसावां जिले में राष्ट्रीय कोल सेना का गठन किया गया है। राष्ट्रीय कोल सेना के अध्यक्ष विष्णु बानरा ने बताया कि राज्य में हो समुदायों के विकास के लिए राष्ट्रीय कोल सेना का गठन किया गया है।

***************

गिरिडीह जिले में प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है।

***************

राज्य में पिछले कुछ दिनों की बारिश के बाद तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार साल के अंत और नए साल की शुरुआत में राज्य में ठंड बढ़ने की संभावना है। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य के उत्तरी भाग में घना कोहरा देखने को मिलेगा।

***************

हॉकी इंडिया लीग मेंयूपी रुद्राज ने पिछले विजेता कलिंग लांसर्स को 3–1 से हरा दिया। कल रात राउरकेला के बिरसा मुण्डा हॉकी स्टेडियम में खेले गए मैच में लांसर्स के लिए एकमात्र गोल एनरिक गोंजालेज ने किया। खेल के अंतिम मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर रसेल ने स्कोर 3–1 कर दिया। इस जीत ने रुद्राज को अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया है। हॉकी इंडिया लीग में आज रात सवा 8 बजे देल्ही एसजी पाइपर्स का सामना हैदराबाद तूफान्स से होगा।

***************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित होने वाले अखबारों ने आज अलग अलग खबरों को अपनी लीड बनाई है।

दैनिक जागरण ने लिखा है– भारत ने स्पेडेक्स मिशन के साथ फिर किया कमाल।

हिंदुस्तान लिखता है डीजीपी ने दिया आदेश – राज्य में महिला सुरक्षा के लिए विशेष कोषांग गठित, एडीजी सुमन गुप्ता बनाई गई कोषांग की प्रभारी।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है – 6 जनवरी को नामकूम में हो सकता है मंईयां सम्मान समारोह, खाते में जांएगे ढ़ाई हजार रुपया।

प्रभात खबर की सुर्खी है  शहर में भरी भीड़ के बीच 13 लाख रुपये की लूट, होटल मैनेजर को मारी गोली।

अंग्रेजी अखबार टाईम्स आफ इंडिया ने संताल परगना के राजमहल में ठंड से एक महिला की मौत की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

जबकि हिंदुस्तान टाइम्स ने पंजाब में किसानों के बंद से जनजीवन प्रभावित होने की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

***************